गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय,बाँसवाड़ा
माही डेम रोड़, बड़वी
E-mail : dr.phd2018@gmail.com

क्रमांक :एफ ( )गोगुजवि/बांस./2022/52 दिनांक : 14/12/2022

सूचना

विश्वविद्यालय शोध अनुभाग में सत्र–2021 में विभिन्न संकायों में अंतरिम रूप से पंजीकृत ऐसे सभी शोधार्थी जिनका Synopsis जमा होकर शोध अनुसंधान समिति की बैठक में मुल्यांकन हो चुका है। वे मुल्यांकन पश्चात् अपनी सिनोप्सिस की 04 प्रति एवं शोध साहित्य समीक्षा (Review of Literature) की 02 प्रति के साथ ही **पंजीकरण शुल्क रूपये 6000/–** विश्वविद्यालय वेब साइट पर उपलब्ध चालान (प्रति संलग्न करें) के माध्यम से जमा करा कर दिनांक **30 दिसम्बर, 2022** तक विश्वविद्यालय शोध अनुभाग में व्यक्तिशः उपस्थित हो कर जमा करावे।

निदेशक शोध

प्रतिलिपि सूचनार्थ :–

1. कुल सचिव, गोगुजवि, बॉसवाड़ा।
2. समस्त शोध पर्यवेक्षक, गोगुजवि, बॉसवाड़ा।
3. रक्षित पत्रावली।

निदेशक शोध

गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय,बाँसवाड़ा

माही डेम रोड़, बड़्वी

E-mail : dr.phd2018@gmail.com

साहित्य समीक्षा सम्बन्धी सामान्य नियम

1. साहित्य समीक्षा सजिल्द प्रस्तुत की जाएगी।
2. समीक्षा शोध से सम्बन्धित उस विषय पर ही आधारित होगी। जो विषय शोधार्थी को आवंटित किया गया है।
3. समीक्षा लगभग 100 पृष्ठों में तैंयार की जाएगी। यह शोधार्थी द्वारा कोर्स वर्क के दौरान किए गए 250 घंटों के कार्य की पूर्ति के निमित्त है।
4. समीक्षा प्रतिवेदन निम्नानुसार प्रस्तुत किया जाएगा:–

   1) **प्रस्तावना** :–

   शोध विषय से सम्बन्धित संक्षिप्त जानकारी एक या दो पृष्ठों में दी जाएगी। इस भाग में शोधार्थी शोध के विषय का महत्व और इसकी प्रासंगिकता अंकित करेगा।

   2) **समीक्षा** :–

   शोधार्थी इस भाग में अपने पीएच.डी. के विषय से सम्बन्धित पूर्व में सम्पन्न निम्न कार्यो की समीक्षा प्रस्तुत करेगा:–

   1. शोध कार्य
   2. आलोचना ग्रंथ
   3. शोध लेख, समीक्षाएँ आदि।
   4. शोधार्थी उन भारतीय शोधकर्ताओं एवं शोध संस्थाओं का भी उल्लेख करेगा, जो उसके विषय से सम्बन्धित शोध कार्य कर चुके है या कर रहे है, वह उनके नाम, पते आदी का उल्लेख भी करेगा।
   5. शोधार्थी अंत में विषय से सम्बन्धित महत्वपूर्ण शोध पत्रिकाओं की सूची देगा। इस सूची में पत्रिका और प्रकाशक का नाम, पता आदि अंकित होगा। शोधार्थी से अपेक्षा की जाती है कि वो वेबसाइट पर उपलब्ध ई–पत्रिकाओं को भी देखें।
   6. उससे यह भी अपेक्षा की जाती है कि वह शोध संदर्भिकरण (वेबसाइट पर पेज 05 पूर्व में अपलोड) संबंधी नियमों की अनुपालना करे।

5. **समीक्षा कार्य के मूल्यांकन की प्रक्रिया :–**

   शोधार्थी द्वारा किया गया समीक्षा कार्य बाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा। मूल्यांकन निम्नांकित बिन्दुओं पर आधारित होगा–

   1. क्या समीक्षा निर्धारित दिशा–निर्देशों के अनुरूप है तथा उसमें निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया गया है?
   2. क्या समीक्षा में सारे महत्वपूर्ण शोध कार्य आदि (जो पूर्व में किए जा चुके है) को सम्मिलित किया गया है?
   3. क्या शोधार्थी ने महत्पूर्ण शोध कार्यों की सूची प्रस्तुत की है?
   4. क्या शोधार्थी ने महत्वपूर्ण शोध पत्रिकाओं की सूची दी है?
   5. संदर्भ, जो दिए गए है, क्या वे समीक्षा से सम्बन्धित है?
   6. क्या संदर्भ, जैसे अपेक्षित है, वैसे व्यवस्थित रूप में नियमानुसार दिए गए है?
   7. समीक्षा कार्य में शोधार्थी को 100 में से न्यूनतम 50 अंक प्राप्त करने है। यदि निर्धारित अंक प्राप्त करने में असफल रहता है, तो उसे समीक्षा प्रतिवेदन

८. समीक्षा प्रतिवेदन का मुख पृष्ठ निम्नानुसार होगा–

(शोध कार्य का विषय)...

(विषय)

समीक्षा प्रतिवेदन

पीएच.डी. कोर्स वर्क के द्वितीय प्रश्न पत्र की आवश्कतापूर्ति निमित्त

प्रस्तोता

(शोधार्थी का नाम)..

विभाग का नाम

संकाय

गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बॉसवाड़ा